शिया पी. जी. कालेज

[लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त मुस्लिम (शिया) अल्पसंख्यक संस्था]
कला, विज्ञान, वाणिज्य और विधि संकायों में छात्र एवं छात्राओं के शिक्षण हेतु।
सीतापुर रोड, लखनऊ- 226020(उ0 प्र0) भारत।]

वेबसाइट : www.shiapgcollege.ac.in ई-मेल : info@shiapgcollege.in फोन : 0522-6450005

पत्रांक : ....
दिनांक : 16.04.2020

सेवा में,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

विषयः कोरोना वायरस (Covid-19) के प्रसार की रोकथाम हेतु सोशल डिस्टेन्सिंग के परिप्रेक्ष्य में ''वर्क फाम होम'' के सम्बन्ध में दिये गये दिशा–निर्देशों के क्रम में ऑनलाइन शिक्षण प्रक्रिया के अन्तर्गत महाविद्यालयों में संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की प्रगति आख्या उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अपने **पत्र संख्या–R/55420/ दिनांक– 15.04.2020** का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस पत्र के माध्यम से आपने प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, उ0 प्र0 शासन के पत्रांक– 591/सत्तर–1–2020 दिनांक–27 मार्च, 2020 के अनुपालन में किये जा रहे महाविद्यालयों में कार्यों को स्पष्ट करने का आदेश दिया था। उस आदेश का हम बिन्दुवार उत्तर प्रस्तुत कर रहे है :–

1. महाविद्यालय में नियमित रूप से कक्षायें **Zoom App, Google Classroom, Google Meet, Edomodo** द्वारा संचालित हो रही है।
2. महाविद्यालय की वेबसाइट **www.shiacollege.org** पर छात्र/छात्राओं की सुविधा के लिये शिक्षकों द्वारा तैयार किये गये 33 ई–कंटेट अपलोड किये गये है।
3. महाविद्यालय में सेमेस्टर पद्धति सें संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा पूर्ण कर लिया गया है। बचे हुये कोर्स हेतु ऑनलाइन कक्षायें संचालित हो रही है और इसको एक सप्ताह में पूर्ण कर लिया जायेगा।
4. महाविद्यालय में सेमेस्टर पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत प्रोजेक्ट/असाइनमेंट लॉकडाउन से पहले ही दिये जा चुके थे जिनको ऑनलाइन विधि द्वारा जमा किया जा रहा है। महाविद्यालय प्रयत्न कर रहा है कि इस प्रोजेक्ट/असाइनमेंट के कार्य को अगले एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण कर लें।
5. महाविद्यालय द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न पाठ्यक्रमों की ऑनलाइन कक्षाओं में लगभग 1900 छात्र/छात्रायें अध्ययन कर रहे हैं।

इस सम्बन्ध में सूचनाओं को स्पष्ट करने के लिये आप द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रोफार्मा की छायाप्रति भी संलग्न की जा रही है।

सधन्यवाद।

प्राचार्य